आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.03.2025/प्रादेशिक समाचार/18.00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला से इटली के ट्यूरिन में सात से 16 मार्च तक आयोजित होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के लिए चयनित प्रदेश के विशेष एथलीटों और प्रशिक्षकों को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस प्रतियोगिता के पदक विजेताओं को सम्मानित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों के लिए ये खुशी की बात है कि इस प्रतिष्ठित आयोजन के लिए चयनित 49 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल में से 24 एथलीट और कोच हिमाचल प्रदेश से संबंधित हैं। उन्होंने उम्मीद जताई की सभी प्रतिभागी इस आयोजन में बेहतरीन प्रदर्शन कर देश व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

तरूण चुग

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए अभूतपूर्व बजट प्रावधान किए हैं। केंद्रीय बजट 2025–26 को लेकर आज मंडी में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि ये बजट हिमाचल के लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला है। तरूण चुग ने विश्वास जताया कि बजट 2025 राज्य के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाएगा और नये अवसरों के द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार हिमाचल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है जबकि कांग्रेस सरकार राज्य की जनता के हितों की अनदेखी कर रही है।

वन्यजीव दिवस

आज विश्व वन्यजीव दिवस है। यह दिन जंगली जानवरों और पौधों के संरक्षण के लिए मनाया जाता है। केंद्र सरकार ने देश में वन्यजीव संरक्षण के लिए कई पहल की हैं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इस प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से कई नीतियों, विधायी उपायों और पहलों की एक व्यापक रूपरेखा बनाई है।

सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और इन्हें समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि केंद्र से प्राप्त धनराशि का सही तरीके से उपयोग हो सके। वे आज शिमला में जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सुरेश कश्यप ने कहा कि

केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के विकास के लिए अनेक योजनाएं लागू की जा रही हैं और आम लोगों को इन योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। बैठक के बाद प्रत्रकारों से अनौपचारीक बातचीत में सुरेश कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार प्रदेश की भरपूर आर्थिक मदद कर रही है। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर केंद्र राज्य की आर्थिक मदद न करे तो प्रदेश सरकार कर्मचारियों की सैलरी व पैंशन देने में भी सक्षम नहीं है।

परीक्षा स्थगित

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी में भारी बर्फबारी के चलते प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की कल 4 मार्च को होने वाली वार्षिक परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि भारी बारिश व बर्फबारी के कारण पांगी में स्कूल शिक्षा बोर्ड के प्रश्नपत्र नहीं पहुंच सके। ऐसे में आठ मार्च तक होने वाली तीनों परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। उन्होंने कहा कि मौसम अनुकूल होते ही प्रश्न पत्रों को पांगी के परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे ताकि बच्चे परीक्षा दे सकें।

——बाईट——डीसी——

एचआरटी यूनियन

प्रदेश के पथ परिवहन निगम के चालक–परिचालक संघ ने आज अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शिमला में निगम के प्रबंध निदेशक के साथ बातचीत की। चालक–परिचालक संघ के अध्यक्ष मानसिंह ठाकुर ने कहा है कि निगम प्रबंधन के साथ हुई बातचीत का कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। उन्होंने कहा कि चालक परिचालकों की वित्तीय देनदारियों का जल्द भुगतान नहीं किया गया तो 6 मार्च के बाद आंदोलन तेज किया जाएगा।

.

——

——